# प्रकृति को बिना नुकसान पहुंचाए करें विकास : अबुबकर

## राज्य में इको टूरिजम के क्षेत्र में काफी संभावनाएं है : रवि रंजन

- कार्यक्रम में 30 से अधिक संगठनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई
- यह पहल राज्य में जलवायु न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । झारखंड के सतत विकास और न्यायसंगत ऊर्जा संक्रमण के लिए समर्पित नागरिक समाज संगठनों के साझा मंच सारथी (झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क) का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में 30 से अधिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही। यह लॉन्च राज्य में जलवायु न्याय और सतत विकास की दिशा में एक निर्णायक पहल के रूप में देखा जा रहा है। मौके पर वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबुबकर सिद्दीकी ने स्टेशन रोड स्थित होटल बीएनआर चाणक्या में आयोजित सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क कार्यक्रम में कहा कि जल, वायु, जंगल और जैवविविधता हमारे बच्चों के भविष्य की नींव हैं। सतत विकास का यही मूल मंत्र है कि हम विकास करें, लेकिन प्रकृति और पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए। हम जिन प्राकृतिक संसाधनों का आज उपयोग कर रहे हैं, वे हमारे पूर्वजों की विरासत हैं। इन्हें अगली पीढ़ी तक सुरक्षित पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। यह हमारी जवाबदेही है कि आने वाली पीढ़ी को रहने लायक समाज और पर्यावरण दें।

इसलिए हमें संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा। ताकि एक स्वच्छ, सुरक्षित और रहने योग्य समाज अगली पीढ़ी को मिल सके। मौके पर वन विभाग के रवि रंजन ने राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं पर विस्तार से बात की।

कहा कि राज्य में इको टूरिजम के क्षेत्र में काफी संभावनाएं है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में वन विभाग की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं। नाबार्ड के सीजीएम ने कहा कि नाबार्ड की ओर से लाख और तसर दोनों की एक साथ उपज पर कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही तसर में वैल्यू एडिशन पर भी काम किया जा रहा है। इसके अलावा चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक ने राज्य में तेंदू पत्ता की उपज और उसकी गुणवत्ता पर बात की। कहा कि यहां से दूसरे लोग तेंदू पत्ता खरीदकर ले जाते हैं।

### युवती के आत्महत्या मामले में दूसरी युवती को जेल

**रांची।** निजी अस्पताल के कॉल सेंटर में काम करनेवाली सुमन कुमारी आत्महत्या मामले में पुलिस ने टाटीसिलवे निवासी उषा लकड़ा को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। पुलिस इस मामले सुमन के साथ लिविंग में रहनेवाले मुख्य आरोपी साजेद हनीफ को पहले ही जेल भेज चुकी है। ज्ञात हो कि 14 अप्रैल को हुटुप टीओपी के हुटुप गांव के पास कुमार लॉज में रहनेवाले साजेद हनीफ के साथ लिवइन में रहनेवाली सुमन कुमारी ने उसके ही रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### सेना के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर कप

**रांची।** टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर कप क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हर भारतीय का कर्तव्य है कि भारतीय सेना के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए हरसंभव प्रयास करे। टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज मिश्र ने कहा कि भारतीय सेनाओं के सम्मान के लिए पूरे क्षेत्र में और कार्यक्रम किए जाएंगे।

# मांगों को लेकर जैक अध्यक्ष से मिला वित्त रहित शिक्षा मोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

- पूर्व की प्रक्रिया में बदलाव कर नए रेगुलेशन को लागू किया जाएगा।
- नई व्यवस्था परीक्षा संचालन में स्पष्टता और एकरूपता लाएगी।

**रांची।** वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हंसदा से मिला और मोर्चा ने अपनी मांगों के बारे में वार्ता की। इसके बाद मोर्चा ने 12 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन भी दिया। इसमें शासी निकाय का गठन करने, स्वीकृति के लंबित संचिताओं का अभिलंब निष्पादन, शासी निकाय में परिषद प्रतिनिधि के मनोनयान, सेवा शर्त नियमावली के गठन, कॉलेज और स्कूल स्थापना सभी का ऑनलाइन करने, परीक्षा में रेगुलेशन फ़ॉर एग्जामिनेशन के नियमों के अनुसार कार्य करने, पारिश्रमिक बढ़ाने, सीटों में वृद्धि करना शामिल है। मौके पर जैक अध्यक्ष ने कहा कि मोर्चा की मांगों पर एक-एक कर निष्पादन किया जाएगा। सेवा शर्त नियमावली पर काम चल रहा है। अब परीक्षा में रेगुलेशन फ़ॉर एग्जामिनेशन के अनुसार काम होगा। शासी निकाय का गठन हो या अन्य सभी मांगों पर हम समीक्षा कर जल्द से जल्द निर्णय लेंगे। आवश्यकता पड़ी तो मोर्चा के प्रतिनिधियों को भी बुलाएंगे और सारे समस्याओं का हम बैठकर बातचीत के द्वारा समाधान करेंगे। वार्ता के दौरान अध्यक्ष के अतिरिक्त सचिव जयंत मिश्रा, आईटी प्रभारी कुणाल प्रताप सिंह के साथ जैक के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल में रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फजलुल कादिर अहमद, अरविंद सिंह, देवनाथ सिंह, मनोज तिर्की, विरसो उराव, रेशमा बैक, संजय कुमार, मनीष कुमार, गणेश महतो सहित अन्य शामिल थे।

### रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर में लगाए बोर्ड से हो रहा भ्रम

# जाना था जापान पहुंच गए चीन

- निर्माण पूरा होने में अभी समय बाकी
- गलत बोर्ड से मार्ग भ्रम की स्थिति
- सर्विस रोड इस्तेमाल के लिए विशेष दिशा निर्देश



एलिवेटेड कॉरिडोर पूरा होने में लगेंगे और डेढ़ महीने

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक ओर तेज गति से चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि कॉरिडोर का निर्माण पूरा होने में अभी एक से डेढ़ महीने का समय और लगेगा तब जाकर यह उद्घाटन के लायक होगा। वहीं एनएचआई के लगाए बोर्ड से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। रातू रोड में डालटनगंज और गुमला के मार्गनिर्देशन का बोर्ड लगाया गया था जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। सिर्फ राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने इसे प्रमुखता से उठाया था इसके बाद एनएचआई की जीएम ने मामले का संज्ञान लिया और कारवाई की है। इसी तरह डालटनगंज से आने के क्रम में एलिवेटेड कॉरिडोर के रैम्प शुरू होने से पहले मार्ग निर्देशन का बोर्ड लगाया गया है। इसमें गुमला जिले को बाई ओर दिखाया गया है। इस संबंध में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण में लगे एक अधिकारी ने बताया कि बोर्ड में गुमला को बाई ओर इसलिए दिखाया गया है कि डालटनगंज की तरफ से आने वाले लोग मेन रोड का प्रयोग न कर सर्विस रोड का प्रयोग करें। गुमला जाने के लिए एलिवेटेड कॉरिडोर में उपर न चढ़कर बाई ओर से नीचे उतर कर सर्विस लेन का प्रयोग करें। इतना तो जरूर अधिकारियों को समझना चाहिए कि मार्गनिर्देशन बोर्ड आम जनता की सहूलियत के लिए होता है यह आसान बनना चाहिए। ताकि एक कम पढ़ा लिखा आम आदमी भी बोर्ड का लाभ ले सके, नहीं तो जाना था जापान और पहुंच गए चीन।

# एक असहाय मंदबुद्धि को सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम लाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी लोगों की निःशुल्क सेवा संस्था द्वारा 6 जनवरी 2024 से लगातार जारी है। अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि दो दिन पूर्व एक और निराश्रित असहाय मंदबुद्धि व्यक्ति को आश्रम में लाया गया है जो मानसिक रोगी है। आश्रम की टीम को फोन से सूचना मिली की कांके रोड में एक लावारिस अवस्था में मंदबुद्धि व्यक्ति घूम रहा हैं।आश्रम की टीम के द्वारा उस व्यक्ति को पिठौरिया से रेस्क्यू करके आश्रम लाया गया। उसके बाद रिंची हॉस्पिटल में उस व्यक्ति का पूरा मेडिकल जांच करवाया गया। उसके बाद सद्गुरु कृपा अपना घर में लाया गया। उस व्यक्ति का नाम एवं पता का कोई जानकारी नहीं मिला, आश्रम कमेटी ने उसका नाम संतोष कुमार रखा है। आश्रम की टीम को सूचना मिलने पर समय–समय पर जरूरतमदों को रेस्क्यू किया जाता हैं,आश्रम में रह रहे इन सभी निराश्रितों को गुरु जी के आशीर्वाद व आप सभी के सहयोग से घर जैसा माहौल देने की कोशिश की जा रही है। एवं सभी सेवाएं श्री श्री 108 डॉ स्वामी श्री सदानंद जी महाराज जी के आशीर्वाद और आप लोगों के सहयोग से हो रहा है। प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अभी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम मे 37 दिव्यांग एवं निराश्रितों दीनबंधुओं का समुचित देखभाल एवं बेहतर सेवा दिया जा रहा है।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गौ सेवा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने हरमु रोड गौशाला में गौ सेवा करवाई। रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता हर महीने की अमावस को गौ सेवा किया जा रहा है । इसी क्रम में 28 मई को गौ सेवा कराए गई। गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। आज की सेवा पूर्व अध्यक्ष विनिता बिहानी के द्वारा कराई गई। गौ माता को पालक, हरी सब्जी, रोटी एवं अन्य सामाग्री खिलाई गई। गौ सेवा प्रभारी निकिता जालान ने गौ सेवा की सारी तैयारियाँ सुचारू रूप से की।

कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सौम्या सामोता समेत अन्य सदस्य मौजूद थी। ये कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

**आज / कल**




### युवाओं से नशा मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज की 1/3 कंपनी एनसीसी ने बुधवार को आईक्यूएसी की मदद से कॉलेज में नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआईजी जेडब्ल्यूएफएस नेतरहाट धनंजय कुमार सिंह ने युवाओं से नशा मुक्त समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने को कहा। उन्होंने नशे की मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और शारीरिक हानियों पर जानकारी दी। मौके पर संवाद सत्र भी चला। इसमें नशे के दुष्प्रभावों पर बात की गई। मौके पर एनसीसी कैडेटों ने समाज में नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाने और पीड़ितों की मदद के लिए संकल्प को दोहराया।

### बीआईटी मेसरा पॉलिटेक्निक के पांच डिप्लोमा कोर्सों में लेटरल एंट्री से दाखिला

**रांची।** विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक बीआईटी मेसरा के पांच डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर-3 (द्वितीय वर्ष) में लेटरल एंट्री से नामांकन होगा। इसके लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के लिए आवेदन जमा हो रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून शाम 5 बजे तक है। इस कोर्स की 30 सीटों के अलावा शैक्षणिक सत्र 2024-25 की रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री से दाखिला दिया जाएगा। ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में 6, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 3, कंप्यूटर इंजीनियरिंग में 6, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 9 और इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 6 सीटें हैं। ये आहर्ता पूरी करनी जरूरी आवेदक को 12वीं कक्षा (या समकक्ष) या आईटीआई परीक्षा में उत्तीर्ण होना जरूरी है। आवेदक के लिए 12वीं या समकक्ष विज्ञान संकाय (भौतकी, रसायनशास्त्र, गणित) परीक्षा उत्तीर्ण होना या 12वीं व्यावसायिक परीक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। वहीं, 10वीं कक्षा के बाद उचित व्यवसाय में दो वर्षीय आईटीआई परीक्षा उत्तीर्ण छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। नामांकन लेने वाला झारखंड का निवासी हो आवेदक झारखंड का स्थानीय निवासी होना चाहिए।


# छोटे बच्चों को निशाना बना छिनतई करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची** । छोटे बच्चे को निशाना बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार हुए हैं। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिनमें रोशन कुमार, अभिषेक सिंह और सतीश कुमार सोनी शामिल है।

बुधवार की देर शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसएसपी ने बताया कि 27 मई को सूचना प्राप्त हुई कि विद्यानगर रोड नं0-3 कार्मेल हॉस्टल के नजदीक संत मेरी स्कूल के पास से स्कूटी में तीन लड़के सवार होकर एक छोटे बच्चे के गले से लॉकेट छीन कर भाग गए। जिसके बाद कोतवाली डीएसपी और सुखदेवनगर थाना के सीसीटीवी फुटैज की जांच के बाद छापामारी कर दो युवक को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही इरगु रोड कुम्हार टोली स्थित भोला सन्स एंड ज्वेलर्स नामक दुकान से इस कांड में छिनतई की गई सोने जैसा लॉकेट एवं अन्य कांडों में छिनतई की गई लॉकेटों को बरामद किया जिसे विधिवत जप्त किया एवं छिनतई की गई समानों की खरीद बिक्री करने वाले सोनार सतीश कुमार सोनी को गिरफ्तार किया गया।



### शिवानी को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में राज्य भर में मिला तीसरा स्थान

# सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से शिवांगी को लोगों ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत ग्राम गुंजरा की बेटी शिवानी कुमार ने झारखंड बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2025 में 97.8 प्रतिशत अंक लाकर राज्य भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। शिवानी की इस उपलब्धि से उसके विद्यालय इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग परिवार एवं क्षेत्र भर में हर्ष का माहौल है।विदित हो कि शिवानी के पिता प्रेम कुमार वायफ संस्था में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में लोहरदगा में कार्यरत हैं। इस कारण शिवानी की प्रारंभिक शिक्षा लोहरदगा में ही हुई।



उनकी माता बबीता कुमारी एक ग्रहणी है जबकि छोटा भाई पार्थ कुमार चौथी कक्षा का छात्र है । बचपन में ही पढ़ाई में तेज तर्रार रही शिवानी का सपना मेडिकल क्षेत्र में जाने का है। मैट्रिक परीक्षा के समाप्त होते ही उन्होंने कोटा (राजस्थान) स्थित ऐलन कोचिंग संस्थान में नामांकन लिया है और वर्तमान में वहीं रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही है । बताती है कि शुरू से ही माता-पिता का खूब सहयोग मिला है। घर में पढ़ाई का माहौल रहा है ।मैं अपना एक भी दिन बर्बाद नहीं करना चाहती थी। इस कारण से ही परीक्षा के बाद मेडिकल की तैयारी में लग गई हूं। शिवानी के दादा धनुषधारी प्रसाद एक प्रतिष्ठित किसान है ।इस बेहतर सफलता का श्रेय शिवानी ने अपने माता-पिता, दादा दादी एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। वहीं शिवानी की इस सफलता पर झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता और गुंजारा के वार्ड सदस्य मिकी गुप्ता, अजप्ता के प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, सचिव रामकिशुन महतो, सेवानिवृत शिक्षक नारायण प्रसाद, मुखिया सुमन कुमार समेत अन्य लोगों ने विभिन्न माध्यमों से उन्हें बधाई भेजा है।

## इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के बेहतरीन प्रदर्शन से जिले का मान बढ़ा है



**हजारीबाग।** झारखंड एकेडमी काउंसिल, झारखंड द्वारा 10वीं परीक्षा का परीक्षा फल जारी हो गया है। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस परिक्षा में इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय,हजारीबाग की बेटियों ने कमाल कर दिखाया है। विशेष रूप से गीतांजलि ने 493 अंक (98.60 प्रतिशत) प्राप्त कर राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त किया है, जिससे जिले का मान बढ़ा है। साथ ही सर्वोच्च दस की सूची में इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के 14 बच्चियां शामिल है जो अत्यंत गर्व का विषय है।

उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की,जिसके परिणामस्वरूप उन्हें शानदार सफलता हासिल हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे और अपने साथ-साथ जिले का नाम भी रोशन करेंगे। उपायुक्त ने परीक्षा में सफल हुए सभी छात्र छात्राओं के माता पिता को भी बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## न्यूज बॉक्स

### अंबेदकर विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण



**बरही ।** जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में डॉ बीआर अंबेदकर विद्यालय के सभी 58 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफल होकर विद्यालय का नाम रौशन किया है. उक्त जानकारी प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने दी. उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षा में विद्यालय की छात्रा पम्मी पासवान व अभय शर्मा 86.4 प्रतिशत अंको के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय टॉपर बनी है. वहीं चांद आलम 85.2, शिवनंदन दास व अभिषेक कुमार 85, साजरा खातून 83.6, आईसा प्रवीण 83.4, अंजनी पासवान 82.6, रोहित दास 82.4, राहुल तुरी 80.6, गुड़िया रानी 80.2 और नीरज कुमार 79.4 फीसदी अंको के साथ विद्यालय के शीर्ष दस में अपना स्थान बनाए है. प्रधानाचार्य सहित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है. प्रधानाचार्य श्री दास ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों के मेहनत और शिक्षक व शिक्षिकाओं के समर्पित परिश्रम का परिणाम है. विदित हो कि विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित होने के बाबजूद भी अपनी गुणवता बरकार रखा है. जिसके परिणाम प्रति वर्ष उत्तरोत्तर वृद्धि करता रहा है.

### मुखिया की पहल पर गांव में बिजली हुई बहाल, खुशी की लहर



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत मॉडल स्कूल के समीप स्थित बिजलीकुदर टोला में बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी की पहल पर बुधवार को विधुत बहाल की गई। विदित हो कि बिजली कुदर टोला में कई वर्षों से बिजली नहीं थी। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने मुखिया ललिता देवी और समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय को दिया। जिसके बाद मुखिया और समाजसेवी ने संज्ञान में लेते हुए पदाधिकारियों से मुलाकात की और आवेदन देकर मामले से अवगत कराया। तत्पश्चात विभाग के कर्मियों ने संज्ञान में लेकर बिजली सुचारु रूप से चालू की। बिजली चालू होने से ग्रामीणों में खुशी है। वहीं ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन मुखिया ललिता देवी के द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने मुखिया ललिता देवी और समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय को इस कार्य के लिए साधुवाद दी। उद्धघाटन के मौके पर नंदू राणा, अर्जुन ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर,रोहित ठाकुर, लक्ष्मण नायक केबुना खातून समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### जैक का माध्यमिक परीक्षा का रिजल्ट जारी हजारीबाग को राज्य में मिला सातवां स्थान



**हजारीबाग।** मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल से जारी दशवीं के परीक्षा परिणाम में 94.64% के साथ हजारीबाग जिला सातवें स्थान पर रहा। इस परीक्षा में इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग की बेटियों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए झारखंड में अपना डंका फ़िर एक बार बजा दिया। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग की छात्रा गीतांजलि ने कुल 493 (98.6%) अंक लाकर स्टेट टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। गीतांजलि मूल रूप से गढ़वा जिले की भवनाथपुर की रहने वाली हैं। इनके पिता पारा टीचर हैं। गीतांजलि डॉक्टर बनने का सपना देखती हैं। सर्वोच्च दस की सूची में भी इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के ही कुल 14 छात्राओं ने स्थान हासिल कर जिले के नाम रोशन किया ।हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने जैक द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के बाद परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों सहित जिले के सभी वरीय अधिकारियों को बधाई दी साथ ही परीक्षा में सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने परीक्षा में किसी कारण से असफल हुए विद्यार्थियों को निराश न होने के साथ ही उन्हें दोगुनी जोश के साथ श्रम करने की सलाह दी ताकि सफलता उनके कदम चूमे। गीतांजलि की सफलता पर हर कोई गर्व कर रहा है। लोगों का कहना है कि जो मेहनत करेगा उसको मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

### हुहुवा में धूमधाम से मंडा पूजा का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** हुहुवा स्थित शिव मंदिर परिसर में धूमधाम से मंडा पूजा का आयोजन 27 मई को हुआ। इस मौके पर भोक्ताओं ने स्नान के उपरांत नए वस्त्र धारण किया। इसके बाद भोक्ताओं ने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर और बनस झूला झूलकर अपनी अटूट शिव भक्ति का परिचय दिया। मौके पर रात्रि में पारंपरिक छउ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसका विधिवित उदघाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि पार्षद रोशन कुमार महतो एवं राजेंद्र महतो ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति के सदस्यों ने बुके देकर उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार महतो ने कहा कि मंडा पर्व हमारे राज्य के लोगों के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है। कहा कि इस पर्व को भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना के लिए मनाया जाता है। इस पर्व में भक्त भगवान शिव और माता पार्वती पर अपनी अटूट भक्ति का परिचय देते हैं। कहा कि यह पर्व अच्छी वर्षा और बेहतर फसल के उत्पादन की कामना के लिए मनाया जाता है।

### 90.20 प्रतिशत लाकर सुप्रिया कुमारी बनी विद्यालय टॉपर

**गोला।** जैक दसवीं बोर्ड परीक्षा में गोला के मुरपा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। यहां की कुल 65 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। जिसमें 52 छात्राएं प्रथम श्रेणी से, 12 द्वितीय श्रेणी से व एक छात्रा तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई। 90.20 प्रतिशत लाकर सुप्रिया कुमारी विद्यालय की टॉपर बनी। वहीं मोनिका कुमारी 86.0 प्रतिशत लाकर दूसरे स्थान, रिंकी कुमारी 84.4 प्रतिशत तृतीय व अमीषा कुमारी 82.6 प्रतिशत लाकर विद्यालय का चतुर्थ टॉपर बनी। वार्डेन रीना चौधरी ने बताया कि शिक्षिकाओं और छात्राओं की कड़ी मेहनत के कारण परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा है। छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन पर बीईईओ प्रभाकर कुमार, शिशु कुमारी ने छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## रामगढ़ जिले के 14वें डीसी के रूप में फैज अक अहमद मुमताज ने किया पदभार ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के 14वें उपायुक्त के रूप में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के फैज अक अहमद मुमताज ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान की निवर्तमान उपायुक्त चंदन कुमार ने उन्हें अपना प्रभार सौंपा । पदभार ग्रहण के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका उद्देश्य होगा। साथ ही स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में जिले का विकास करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि निवर्तमान उपायुक्त श्री चंदन कुमार द्वारा अपने कार्यकाल में जो भी पहल किए गए हैं उन पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जाएगा।

### उपायुक्त ने की मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक

# कार्यों में संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से उन प्रखंडों की पहचान की जिनका प्रदर्शन अपेक्षा से कम रहा है। उन्होंने इस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित बीपीओ, एई एवं रोजगार सेवकों को 15 दिनों के भीतर कार्य में सुधार लाकर संतोषजनक प्रगति



सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की भौतिक प्रगति की निगरानी करने तथा ससमय डेटा अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा योजना न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम है, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास को भी गति प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन पर ध्यान केंद्रित करें तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। उन्होंने सबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और समय पर श्रमिकों को उनकी मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निरीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त एवं नियमित बनाते हुए कार्यों में पारदर्शिता लाने पर भी बल दिया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा योजनाओं के माध्यम से हमें ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास एवं रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए कार्य निष्पादन में गुणवत्ता और तत्परता लाने के निर्देश दिए।ैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के अलावे डीडीसी इश्तियाक अहमद, जिले के सभी बीपीओ, एई, रोजगार सेवक सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### जिला टॉपर ने कहा- जेपीएससी प्रतियोगिता से अधिकारी बनकर ग्रामीणों की सेवा करने का है लक्ष्य

**कुजू।** जैक संचालित दसवीं की बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर बनी टेकलाल महतो हाई स्कूल सुगिया धनबेड़वा की छात्रा सोनडीहा बस्ती निवासी अमृता गुप्ता जेपीएससी की परीक्षा पास कर अधिकारी बनने की तमन्ना दिल में संजोए है। उसके पिता भीम प्रसाद गुप्ता हाइवा चालक व माता चंपा देवी गृहिणी है। अमूता तीन बहनों में सबसे छोटी है। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ-साथ माता पिता से मिले प्रोत्साहन को दिया है। वह कहती है कठिन मेहनत और लगातार प्रयास से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उसने कहा की उसे नहीं उम्मीद थी कि वह जिला टॉपर बनेगी। वह स्कूल टॉपर बनने की उम्मीद लगाए बैठी थी। उसके परीक्षा का परिणाम आने के बाद जहां घर में खुशी की लहर दौड़ गई है। वहीं गांव मुहल्ला के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल का जिला स्तर पर डंका बजने से लोग उत्सहित और आनंदित हैं। अमृता कहती है कि ग्रामीण क्षेत्र में कई बड़ी समस्याएं है। इसका समाधान वह बतौर अधिकारी करने की सोच को लेकर आर्टस विषय की पढ़ाई करेगी। उसने अपनी इस सफलता को माता पिता के चरणों में समर्पित किया है।

## सांसद प्रतिनिधि के प्रयास से कैंसर पीड़ित को सहायता राशि हुई स्वीकृत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन एवं सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस जी के प्रयास से एक कैंसर पीड़ित मरीज को उसके इलाज हेतु सरकार से 4,81,823 (चार लाख इक्यासी हजार आठ सौ तेईस रुपये) की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। कुछ दिन पूर्व रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले एक कैंसर पीड़ित के परिजनों ने अधिवक्ता विधान सिंह के साथ धनंजय कुमार पुटूस के जनता दरबार में इलाज में सहयोग के लिए आवेदन दिया था। मामले की गंभीरता को समझते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने इसे तुरंत संज्ञान में लेते हुए सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में तत्परता के साथ आवश्यक पहल की। जिसके फलस्वरूप पीड़ित को सहयोग मिल सका। इस मानवीय सहयोग के लिए सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने बुधवार को सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सहयोग देने हेतु सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन कार्यालय के हेड क्लर्क नरेश राम एवं क्लर्क अरविंद कुमार व अधिवक्ता विधान सिंह को भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनकी समन्वित भूमिका से यह सहायता समय पर स्वीकृत हो सकी। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन वे हम सब सदैव तत्पर रहते हैं और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा ताकि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।

### अशोक कुमार पांडेय जिलाध्यक्ष व अनूप ओझा बने जिला सचिव

**रामगढ़।** विश्व ब्राह्मण संघ रामगढ़ जिला कमेटी का विस्तार करने के लिए मंगलवार को होटल मनोहर रेसिडेंसी में समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान परशुराम के तेल चित्र पर फूल माला व दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। अध्यक्षता झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने की। संचालन भूपेश मणि तिवारी ने किया। समारोह में संगठन की मजबूती और समाज कल्याण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

### दुलमी की बेटी रानी कुमारी ने प्रखंड में प्रथम स्थान व जिला में पांचवा स्थान हासिल किया




**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के गोडातू गांव निवासी मुखलाल महतो की पुत्री रानी कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 471 अंक प्राप्त कर जिला में पांचवा स्थान एवं दुलमी प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रानी उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोरचे की मेधावी छात्रा है, जिसने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और लगन से यह सफलता प्राप्त की है। रानी की इस उपलब्धि पर पूरे प्रखंड में हर्ष का माहौल है। इस गौरवपूर्ण क्षण पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उनके घर पहुंचे और मिठाई खिलाकर व उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने रानी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे होनहार छात्र-छात्राएं पूरे प्रखंड का नाम रोशन करते हैं। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं भी अब शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार और रानी के माता-पिता को भी इस सफलता के लिए बधाई दी। रानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित मेहनत को दिया है। उन्होंने आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाने की इच्छा जताई है। मौके पर युवा नेता सह समाजसेवी उतम महतो, घनश्याम कुमार, बालकिशोर महतो,बहन किरण कुमारी, शुभम कुमार, सिकेनद्र कुमार आदि उपस्थित थे ।

## महावीर नायक को पद्मश्री मिलने से कला संस्कृति को बल मिलेगा : डॉ कश्यप

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड के महावीर नायक को 27 मई को दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया. पद्मश्री सम्मान मिलने पर डॉ सुनील कुमार कश्यप रामगढ़ जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष सह संस्कृत विद्वान ने महावीर नायक को बधाई दी. महावीर नायक को पद्मश्री से सम्मानित होने की जानकारी मुकुंद नायक द्वारा टेलीफोन के माध्यम से मिली. ऊमवि गोविंदपुर के प्रभारी प्राचार्य डॉ कश्यप ने टेलीफोन से महावीर नायक से संपर्क कर उन्हें पद्मश्री सम्मान मिलने पर बधाई दिया. डॉ कश्यप की धर्मपत्नी कुमारी प्रतिमा, पुत्री ईशा उमंग, पुत्र हर्ष आनंद तेजस्वी ने भी महावीर नायक को



बधाई दिया. उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूरे देश से 62 लोगों को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया. झारखंड से महावीर नायक अकेले व्यक्ति हैं जिन्हें सम्मानित किया गया. इसके पूर्व झारखंड से मूर्धन्य विद्वान कुलपति भाषाविद डॉ रामदयाल मुंडा, डॉ गिरधारी राम गंझु , मधु मंसूरी हंसमुख आदि झारखंड के 25 हस्तियों को यह सम्मान प्राप्त हुआ है. पद्मश्री महावीर नायक होली के अवसर पर रामगढ़ पद्मश्री मुकुंद नायक के कार्यक्रम में आए थे. महावीर नायक को पद्मश्री मिलने पर रामगढ़ से काफी लोगों ने उन्हें बधाई दी है. डॉ सुनील कुमार कश्यप कश्यप ने बताया कि यह सभी कलाकार हमारे झारखंड की खुशबू को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का काम किए हैं और पहुंचते रहे हैं. उन्हें यह सम्मान बांसुरी और मंदार वादक के साथ ही साथ गायक के रूप में प्राप्त हुआ है. कहा उनके सम्मान से हमारा झारखंड की कला संस्कृति और स्थानीय जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को बल मिलेगा.

### डाड़ी में विकास योजना को लेकर समीक्षा बैठक हुई

**गिद्दी।** डांड़ी प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया ने समीक्षा बैठक की। बैठक मे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, अबूआ आवास योजना, 15 वें वित विभाग योजना सहित चल रहे विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में बिरसा हरित आम बगवानी को लेकर गढ्ढा खुदाई कार्य तय समय में करने, हेसालौंग और टोंगी पंचायत में मनरेगा योजना में मानव दिवस वृद्धि कराने, बगवानी मेला का आयोजन करने, कुआं का निर्माण तय समय पर पूरा करने, अबुआ आवास का भुगतान के अनुसार कार्य करवाने आदि का निर्देश दिया गया। बैठक में जीपीस अजीत तिवारी, बीपीओ उज्ज्वल किशोर, एई दिव्यांश अयन, विभिन्न पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, बीएफटी कनीय अभियंता, सहायक उपस्थित थे।

### शिलाडीह के विद्यार्थियों का मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



**बरकट्ठा।** आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के विद्यार्थियों ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है. विद्यालय से कुल 561 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए. जिसमें प्रथम श्रेणी से 524, द्वितीय श्रेणी से 32 छात्र-छात्राएं सफल रहे. अनुप कुमार ने सबसे अधिक 463 अंक लाकर विद्यालय का टॉपर बना. इसके अलावा रौनक कुमार 456 अंक, सलमान अंसारी 453, स्लेहा नूरी 452, आकांक्षा कुमारी 450, अर्जुन कुमार यादव 446, कांता कुमारी 445, रानी कुमारी 443, अंशु कुमारी 442, दीपक कुमार ने 441 अंक प्राप्त किया है. प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी ने बताया कि इस बार विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें 161 बच्चों ने 400 से अधिक नंबर लाकर इतिहास रच दिया. उन्होंने सफल हुए सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया.

### उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह ने बुधवार को सिमडेगा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों का भ्रमण करते हुए मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएंगे, जिससे आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।निरीक्षण के समय उपायुक्त के साथ सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, एनडीसी समीर रेनियर खलखो, महिला एवं पुरुष चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राएं उपस्थित रहीं। उपायुक्त ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवा वितरण, मरीजों को दिए जा रहे भोजन, भर्ती की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी पहलुओं का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर सदर अस्पताल सिमडेगा के सभागार में एक स्वागत समारोह का भी आयोजन किया गया। समारोह में उपायुक्त का स्वागत स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया। एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया, जिससे समारोह का माहौल सांस्कृतिक रूप से भी संवर गया। विद्यालय की प्राचार्य ने उपायुक्त को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।समारोह में उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बेला एक्का ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षकों की कमी और अन्य संसाधनों से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अस्पताल की टीम मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का प्रयास कर रही है। डॉ. एक्का ने बताया कि गंभीर हालत वाले मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया जाता है और टीमवर्क के जरिए अस्पताल में समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है।समारोह के अंत में उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि मरीजों की सेवा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और विभागीय समन्वय से ही स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती दी जा सकती है।



## निवर्तमान उपायुक्त को सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया ने दी भावभीनी विदाई




**सिमडेगा।** सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया की ओर से निवर्तमान उपायुक्त अजय कुमार सिंह को एक सादगीपूर्ण एवं भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि श्री सिंह के नेतृत्व में जिले में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, कुशल प्रबंधन और विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई।समारोह में अंजुमन के सदर एवं सदस्यों ने उपायुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अजय कुमार सिंह ने सभी समुदायों के साथ समन्वय बनाकर काम किया और जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। निवर्तमान डीसी अजय कुमार सिंह ने सिमडेगा में अपने कार्यकाल को यादगार बताते हुए अंजुमन का धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा की जनता से मिला सहयोग और स्नेह हमेशा उनके साथ रहेगा। विदाई समारोह में अंजुमन के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा आम नागरिक उपस्थित थे।

### सिमडेगा के 20वें एसपी के रूप में मो. अर्शी ने संभाला पदभार, कहा

# अपराध नियंत्रण होगी पहली प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



सिमडेगा जिले को नया पुलिस अधीक्षक मिला। आईपीएस मो. अर्शी ने जिले के 20वें एसपी के रूप में पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में उन्होंने निवर्तमान एसपी सौरभ से कार्यभार संभाला।मो. अर्शी 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और इससे पूर्व वे हजारीबाग में झारखंड सशस्त्र बल के समादेष्टा पद पर कार्यरत थे। सिमडेगा में पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि जिले को अपराधमुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे और जनता के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।एसपी अर्शी ने कहा, उन्होंने कहा 24x7 सिमडेगा की जनता के लिए उपलब्ध रहूंगा। छोटी या बड़ी कोई भी समस्या हो, सीधे मुझसे संपर्क किया जा सकता है। अपराध नियंत्रण के लिए आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।उन्होंने बताया कि जल्द ही वे जिले की भौगोलिक स्थिति से अवगत होकर सुरक्षा और नियंत्रण की रणनीति तैयार करेंगे, जिससे हर चुनौती का समय पर समाधान हो सके।उन्होंने अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि टीमवर्क के जरिए जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा और कानून के राज को हर हाल में कायम रखा जाएगा। पदभार ग्रहण समारोह में पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।निवर्तमान एसपी सौरभ ने सिमडेगा की जनता को उनके सहयोग और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से कई मामलों का सफलतापूर्वक उद्भेदन हुआ है। हालांकि, कुछ घटनाओं का अभी तक समाधान नहीं हो पाया है, लेकिन उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही इनका भी उद्भेदन कर लिया जाएगा। एसपी सौरभ ने कहा कि पुलिस विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने भविष्य में भी जनता से इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा जताई और जिले की शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया।

## भंवरपहाड़ में पर्यटन प्रबंधन क्लब का गठन, ग्राम सभा में लिया गया निर्णय



**कोलेबिरा।** नवाटोली पंचायत अंतर्गत भंवरपहाड़ राजस्व ग्राम में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत की मुखिया कल्पना देवी की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में सर्वसम्मति से भंवरपहाड़ पर्यटन प्रबंधन क्लब का गठन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यटन विकास को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।क्लब के पदाधिकारियों के रूप में अमरनाथ सिंह को अध्यक्ष, गौरी प्रसाद सिंह को सचिव और लालकृष्ण सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं सदस्य के रूप में अभिमन्यु सिंह, प्रकाश सिंह, सुरेश सिंह, जसमति देवी, अनिता देवी, राहुल सिंह और अरविंद कुमार सिंह का चयन किया गया।मुखिया कल्पना देवी ने कहा कि भंवरपहाड़ को एक सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों और पारंपरिक संस्कृति का संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का सहयोग ही इस दिशा में सफलता की कुंजी है। भविष्य में भंवरपहाड़गढ़ को सुसज्जित रूप में विकसित किया जाएगा ताकि यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए आकर्षक बन सके।ग्राम सभा में पंचायत सचिव संजीव कुमार, पंचायत स्वयंसेवक वीणा कुमारी, दुर्योधन सिंह, संजीत सिंह, गणेश सिंह, अशोक इंदवार, जनेश्वर बिल्हौर, तपेश्वर सिंह, बिमला देवी, सुमित्रा देवी, संगीता देवी, राधिका देवी, पूनम देवी, जसमति देवी, भुवनेश्वरी देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभा में स्थानीय लोगों ने पर्यटन विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

### सिमडेगा में पुलिस अधीक्षक सौरभ का रहा ऐतिहासिक कार्यकाल

# सौरभ एक जनपक्षीय व कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत सौरभ का स्थानांतरण हो गया है, लेकिन उनके कार्यकाल की स्मृतियां जिले के हर नागरिक के हृदय में एक अमिट छाप की तरह अंकित हो चुकी हैं। वे केवल एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी नहीं, बल्कि एक जनपक्षीय नेतृत्वकर्ता रहे जिन्होंने पुलिसिंग को सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं रखा, बल्कि समाज के हर वर्ग से गहराई से जुड़ने का प्रयास किया।आदिवासी बहुल, सुदूरवर्ती और सामाजिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों वाले सिमडेगा में एसपी सौरभ ने सामुदायिक पुलिसिंग की नई परिभाषा गढ़ी। उन्होंने 'पुलिस आपकी मित्र है' के विचार को व्यवहार में उतारा। गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें प्राथमिकता दी। उन्होंने प्रशासनिक निर्णयों को मानवीय दृष्टिकोण से देखा, यही कारण रहा कि वे आम जनता के दिलों में अधिकारी नहीं, परिवार का सदस्य' बन गए।उनकी पहल पर जिले में खेलकूद, शिक्षा, साइबर जागरूकता और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में विशेष कार्य हुआ। युवाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, वहीं छात्र-छात्राओं को पुलिस कैंपों में आमंत्रित कर करियर मार्गदर्शन भी दिया गया। साइबर अपराध के प्रति उन्होंने आम लोगों को जागरूक किया और डिजिटल युग में सुरक्षा के लिए सजग किया।मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के विरुद्ध हॉकी खेल के माध्यम से अभियान चलाया गया, जो सिमडेगा जैसे हॉकी प्रेमी जिले में एक सशक्त संदेश बनकर उभरा। 'मोर पुलिस, मोय पुलिस' जैसे अभियानों के जरिए पुलिस को जनता के और करीब लाया गया। उनके नेतृत्व में महिला थाना और मुफस्सिल थाना के नए भवनों की नींव रखी गई, जिससे पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत आधार मिला।उन्होंने किरायेदार सत्यापन जैसी सूक्ष्म मगर आवश्यक पहल को भी महत्व दिया।

जिससे स्थानीय सुरक्षा तंत्र मजबूत हुआ। 'कर्म ही पूजा है' की भावना के साथ उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और हर वर्ग का विश्वास अर्जित किया।एसपी सौरभ का कार्यकाल सिमडेगा के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद रखा जाएगा। कुछ अधिकारी केवल पद पर होते हैं, लेकिन कुछ लोगों के दिलों में स्थायी स्थान बना लेते हैं। सौरभ उन्हीं में से एक हैं।

उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा, और जनता उन्हें सम्मान एवं गर्व के साथ सदैव याद करती रहेगी।

## कुरडेग में युवक ने की आत्महत्या,जांच में जुटी पुलिस



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के गड़ियाजोर पंचायत के कालोमुण्डा बरटोली में एक युवक ने सखुआ पेड़ में फांसी लगाकर की आत्म हत्या कर ली।युवक की पहचान नरेन्द्र साय उम्र 24 बर्ष पिता स्व० बजरंग साय निवासी कालोमुण्डा बरटोली थाना कुरडेग के रूप में हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मंगलवार को दिन के लगभग 3:00 बजे घर से निकला था ।युवक नशे का आदी था अक्सर अपनी माँ से पैसे को लेकर विवाद करता था मंगलवार को भी पैसे मांगने को लेकर अपनी माँ से विवाद किया था ।बुधवार सुबह चरवाहो की नजर नदी किनारे सखुआ पेड़ पर लटके शव पर पड़ा इसके बाद परिजनो को सुचना दी गई ।परिजनो की सुचना पर कुरडेग थाना के एस आई सुधीर कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव अपने कब्जे में करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुट गये।

## कुरडेग में सड़क हादसे में एक व्यक्ति मौत तीन गंभीर रूप से घायल

**कुरडेग ।** थाना क्षेत्र के कुरडेग बस स्टैंड के समीप मुख्य सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गये।जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम 7 बजे बस स्टैंड के पास मेन रोड में दो बाईक में आमने सामने सीधी टक्कर हो गई। कुरडेग पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलो को ईलाज के लिये कुरडेग सी एच सी लाया गया ।दोनों बाईक में तीन तीन युवक सवार थे।एक बाईक में खालीजोर बैघमा निवासी प्रमोद टोप्पो,मनीष मिंज,आलोक बाड़ा तथा दूसरा बाईक में दर्रीडीह निवासी मुन्ना साय,पंकज साय,सत्येन्द्र साय सवार थे। वहीं सड़क दुर्घटना में खालीजोर निवासी प्रमोद टोप्पो की सीएचसी में ईलाज के क्रम में मौत हो गई,जबकी तीन युवक मनीष मिंज,मुन्ना साय एवं पंकज साय गंभीर रूप से घायल हैं । गौरतलब हो बाइक चालक हेलमेट नही पहना था ।वहीं घायलों की प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों घायलोंको बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं कुरडेग पुलिस आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गई।

## कुरडेग में अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**कुरडेग :** प्रखण्ड के डुमरडीह पंचायत भवन में बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणो को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व और स्वास्थ अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मासिक धर्म स्वच्छता और भ्रांतियों को दूर करने के उपाय बताये गये साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मासिक धर्म से जुड़े समाजिक मिथकों और स्वच्छता के सही तरीको को बताया गया । वहीं कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं ने रैली निकालकर स्वास्थ और स्वच्छता के महत्व पर आधारित नारे और पोस्टर लेकर भाग लिया ।कार्यक्रम में उपस्थित एम ओ आइ सी की टीम ने बताया कि यह आयोजन महिलाओ के स्वास्थ अधिकारो और मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति सामाजिक जागरुकता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है मौके पर टी आइ आर एफ की टीम, पंचायत प्रतिनिधि, स्वास्थ कर्मी उपस्थित रहे ।

## जिला टॉपर का भाजपा नेता ने किया स्वागत

**सिमडेगा।** नगर क्षेत्र स्थित सरस्वती शिशु मंदिर सिमडेगा विद्यालय से सुदर्शन सिंह की सुपुत्री भारती कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में 94% प्रतिशत लाकर जिला में टाप स्थान प्राप्त किया ।भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा ने उनके घर जाकर पुष्प गुलदस्ता देकर भारती कुमारी को सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाकर डांड प्रखंड के छोटे से गांव ढांवठाडामैर से आकर पढ़ाई कर मैट्रिक परीक्षा में टाप कर साबित कर दिया कि गांव की बच्चीयां भी किसी से कम नहीं है। भारती कुमारी ने जहां अपने माता पिता का नाम रोशन किया वहीं साथ में जिला एवं स्कूल का नाम भी रोशन की। बधाई देने में युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुभाष महतो ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। लोगों ने कहा कि इस बार बच्चों ने बहुत ही अच्छा परीक्षाफल दिया है, जिसका चारों ओर चर्चा का विषय्र बना हुआ है और आगे कामना करता हूं वह और आगे बढ़े जिससे नाम रौशन हो।

### जिला स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम में गूंजा लोकतंत्र का स्वर

# वक्ताओं ने जताई संविधान रक्षा की प्रतिबद्धता

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**




नगर भवन में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने किया। जबकि मंच संचालन जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा एवं बिपिन पंकज मिंज ने कुशलतापूर्वक किया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी डॉ. सीरिबेला प्रसाद उपस्थित थे। उनके साथ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की, सांसद कालीचरण मुंडा, सिमडेगा विधायक एवं सिमडेगा जिला संगठन प्रभारी भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, जिला पर्यवेक्षक रमा खलखो उपस्थित थे।कार्यक्रम में शामिल लोगों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर इसकी रक्षा का संकल्प लिया। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन मनोज जायसवाल ने किया। मौके पर महिला कार्यकारी अध्यक्ष सीमा सीता एक्का, जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदधारी, महिला, युवा एवं प्रखंड कमेटी के पदधारी, सभी विंग के कार्यकर्ता एवं पदधारी उपस्थित थे। हमारे लोकतंत्र की

**आत्मा है भारत का संविधान: डॉ. सीरिबेला प्रसाद**

मौके डॉ. सीरिबेला प्रसाद ने कहा कि भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। आज जब लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है, तब हमें एकजुट होकर इसे बचाने का संकल्प लेना होगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा से संविधान की रक्षक रही है और रहेगी। झारखंड की माटी में जन्मे आदिवासी समुदायों ने हमेशा न्याय और हक की लड़ाई लड़ी है। आज भी वही भावना हमें प्रेरित करती है। बंधु तिर्की ने कहा कि आज का दिन सिर्फ सभा करने का नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा के लिए जनजागरण फैलाने का है। संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह हमारी पहचान, हमारा हक और हमारा भविष्य है। भाजपा सरकार इसे कमजोर करने की साजिश कर रही है, हमें एकजुट होकर इसका विरोध करना होगा।

**संविधान में प्रदत्त अधिकार का संरक्षण हमारी पहली ज़िम्मेदारी: संसद कालीचरण मुंडा**

सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि कांग्रेस बार-बार संविधान की भावना के खिलाफ लिए जा रहे फैसलों का विरोध करता रहा है। संविधान ने हमें जो अधिकार दिए हैं, उनका संरक्षण हमारी पहली ज़िम्मेदारी है। इसके लिए कांग्रेस लंबी लड़ाई लड़ रही है जो जारी रहेगी।

## हाथी ने कनारोइंया में किसान के घर को क्षतिग्रस्त किया

**बानो।** झारखंड क्षेत्र अंतर्गत बांकी पंचायत के कनरोइयां गांव मे जंगली हाथी ने किसान के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कनारोइंया निवासी लक्ष्मण सिंह के घर पर बुधवार सुबह 3:00 बजे आपसास जंगली हाथी आ धमका और घर को क्षतिग्रस् कर दिया।घर में रखे अनाज को भी चट कर गया।घटना की जानकारी वन विभाग को दी गयी है।वन विभाग के कर्मी घटनास्थल पहुंचकर क्षतिपूर्ति की जांच कर रहे हैं इधर लक्ष्मण सिंह ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़-बानो मुख्य सड़क स्थित पवन अग्रवाल के मकान पर बीते रात करीब 11:00 आम की डाली गिर गया. जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गया।बताया जाता है कि रात मे आम के पेड़ की डाली गिर गयी.जिससे एस्बेस्टस और दीवाल टूट गया।पेड़ की डाली गिरने से पवन अग्रवाल के मकान को काफी क्षति हुई है।

### मजदूरों ने ठेकेदार पर शोषण का लगाया आरोप

# झारखंड मजदूर संघ ने आंदोलन की दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**



बुधवार को कोलेबिरा प्रखंड में निर्माणाधीन बस स्टैंड को लेकर मजदूरों के शोषण का मामला सामने आया है। झारखंड मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि सरकारी निर्माण कार्यों में स्थानीय मजदूरों को समुचित मजदूरी नहीं दी जा रही है और ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है।राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कोलेबिरा प्रखंड में गढ़वा टेंडर के माध्यम से रेजा, कुली, राजमिस्त्री जैसे श्रमिकों को रोजगार दिया जा रहा है, लेकिन उन्हें उनकी मेहनत के अनुसार मजदूरी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला उपायुक्त को लिखित शिकायत और ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रम विभाग को भी इसकी सूचना दी जाएगी ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।उन्होंने कहा कि पूर्व में बानो प्रखंड में एक आवासीय विद्यालय के निर्माण में भी मजदूरों के साथ इसी प्रकार की ठेकेदार द्वारा शोषण की घटना हुई थी, जिस पर विरोध प्रदर्शन भी किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मजदूरों को उनका अधिकार नहीं मिला तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।इस मौके पर मजदूरों ने एकजुट होकर अपनी समस्याओं को सामने रखा। उपस्थित श्रमिकों में सुमन देवी, संध्या देवी, प्रतिमा कुमारी, शबाय देवी, सुकांति कुजूर, एत्वा मांझी, बिरसा लोहार, दिनेश बड़ाईक जगेश्वर महतो, अनूप मिन्ज, रातू सिंह सहित कई मजदूर मौजूद थे, जिन्होंने ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया। मजदूरों का कहना है कि वे अब शोषण नहीं सहेंगे और संगठित होकर अपना अधिकार प्राप्त करेंगे।

## महावीर मंदिर की वर्षगांठ पर हरि कीर्तन और भंडारे का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लसिया ग्राम में बुधवार को महावीर मंदिर की वर्षगांठ पारंपरिक श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हर वर्ष की भांति इस बार भी एक दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के कई गांवों की कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया और भक्ति भाव से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।इस धार्मिक अवसर पर डोलोंगसेरा, तुर्बुन्गा, अघरमा, लसिया, ओड़िया टोली और छोटका टोली की कीर्तन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। भक्तों ने दिनभर भजन-कीर्तन में भाग लिया और प्रभु भक्ति में लीन रहे।कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी एवं शिक्षक चामु साहू के द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## उपायुक्त ने की राजस्व व अतिरिक्त संसाधन की समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में राजस्व एवं आंतरिक संसाधन की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में सिमडेगा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की गहन समीक्षा की गई। उत्पाद, परिवहन, मोटरयान, मत्स्य, नगर परिषद, खनन, निबंधन एवं राज्य कर सहित संबंधित अधिकारियों से राजस्व प्राप्ति की प्रगति पर विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग वार्षिक लक्ष्य को माहवार विभाजित कर सुनियोजित रणनीति के साथ राजस्व वसूली सुनिश्चित करें।बैठक में अवर निबंधक को निर्देशित किया गया कि पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाकर विवाह निबंधन को बढ़ावा दें, क्योंकि विवाह प्रमाणपत्र कई शासकीय योजनाओं व दस्तावेजों में आवश्यक होता है।इसके साथ ही उपायुक्त ने अंचलवार लगान एवं सेस की मांग और वसूली की समीक्षा करते हुए ऑनलाइन दाखिल-खारिज, सुमो-म्यूटेशन, आपसी व उत्तराधिकारी बंटवारा, ऑनलाइन सीमांकन, ई-रिवेन्यू कोर्ट, परिशोधन पोर्टल, थाना दिवस के मामले, पीएम किसान योजना और सरकारी भूमि के हस्तांतरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि दाखिल-खारिज के सभी मामलों का निष्पादन 90 दिनों के भीतर किया जाए और बंटवारे संबंधी मामलों में ग्रामीणों को जागरूक किया जाए ताकि कोर्ट में केस दर्ज करने के बजाय अंचल कार्यालय से समाधान हो सके।

## सिमडेगा श्याम पथ में महिला की गला रेतकर हत्या का हुआ खुलासा, भतीजा निकला कातिल



**सिमडेगा।** शहर के हृदयस्थल माने जाने वाले श्याम पथ मोबाइल गली में 14 मई को हुई आशा गोयल की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। 28 मई को पुलिस ने मृतका के भतीजे शान गोयल को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस जघन्य वारदात ने उस दिन पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया था।गौरतलब है कि आशा गोयल, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्वर्गीय सेढू सेठ की पुत्री थी और वह श्याम पथ स्थित अपने घर में अकेली रहती थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह प्रतिदिन परिजनों से खाना लेकर दरवाजा खोलती और फिर बंद कर लेती थी। 14 मई की शाम को जब दरवाजा खुला पाया गया और अंदर झांका गया, तो वह खून से लथपथ मृत अवस्था में पाई गई। उसके गले पर धारदार हथियार से हमला किया गया था।घटना की सूचना पर सिमडेगा थाना प्रभारी और मुख्यालय डीएसपी दल-बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे और मामले की छानबीन शुरू की गई थी। शहरवासियों में इस वीभत्स हत्याकांड को लेकर भारी आक्रोश था, वहीं कारण और हत्यारे को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे।लगातार तकनीकी साक्ष्य और गहन पूछताछ के आधार पर पुलिस को शान गोयल पर संदेह हुआ, जो मृतका का भतीजा है। पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, हत्या के पीछे संपत्ति विवाद समेत अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि केस से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच अब भी जारी है।

## साहिबगंज का स्वास्थ्य विभाग कोरोना वायरस को लेकर अलर्ट

# 10 बेड का बनाया गया कोविड 19 वार्ड



**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

रांची में कोविड 19 का मरीज मिलने के बाद राज्य का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है. मरीज में नए वेरिएंट एनबी 1.8.1 और एलएफ .7 की पहचान हुई है. इसके बाद रांची एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में लोगों की कोरोना जांच के आदेश दिए गए हैं, लेकिन अभी राज्य सरकार की तरफ से किसी भी जिला को एडवाइजरी रिपोर्ट नहीं मिली है. नहीं रांची में कोरोना का मरीज मिलने के बाद साहिबगंज स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो चुका है. मंगलवार को वेयर हाउस के निचले तल में 10 बेड का कोविड -19 वार्ड बनाया गया है. सभी बेड पर मरीज को सुविधा को लेकर सभी जरूरी व्यवस्था की गई है.

प्रभारी डीएस डॉ. मुकेश कुमार ने वार्ड का निरीक्षण किया और व्यवस्था की जानकारी ली. ऑक्सीजन प्लांट और दवा के स्टॉक को लेकर स्टोर कीपर प्रवीण कुमार से जानकारी हासिल की. डीएस ने बताया कि विभाग के पास पीपीई किट, एन 90 मास्क, टीएल, दस्ताना और सेनेटाइजर पर्याप्त है. ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर 100 पीस, ऑक्सीजन सिलेंडर डी टाइप 75 पीस, बी टाइप 40 पीस भरा हुआ है. ऑक्सीजन का छोटा प्लांट चालू है जो 100 एलपीएम प्रति मिनट ऑक्सीजन उपलब्ध कराता है. ऑक्सीजन टैंक एक पीस, डेड बॉडी कैरेज बैग 25 पीस उपलब्ध है.कोविड काल में राज्य और केंद्र सरकार हर जिला में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर रही थी, ताकि मरीजों को ऑक्सीजन की परेशानी न हो. पीएम केयर फंड के तहत जिला के साहिबगंज सदर और अनुमंडल अस्पताल में 500 एलपीएम क्षमता का पीएसए प्लांट स्थापित किया गया था.

### क्या कहते हैं प्रभारी डीएस

कोविड 19 से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है. सीएस के आदेश पर वेयर हाउस में 10 बेड का कोविड-19 वार्ड बना दिया गया है. संदेह होने पर किसी भी मरीज को यहां रखकर इलाज किया जा सकता है. वहीं दवा से लेकर मरीज को दी जाने वाली सारी सुविधा उपलब्ध है. ऑक्सीजन के लिए एक 500 एलपीएम का पीएसए प्लांट खराब पड़ा हुआ है. जिसकी रिपोर्ट सिविल सर्जन को दी जाएगी, ताकि जल्द प्लांट को ठीक कराया जा सके.

## मृतक रूपेश राय के परिजनों से मिल बाबूलाल मरांडी ने बंधाया ढांढस



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बुधवार को गुमगी के घटवार टोला के मृतक रूपेश राय के घर पहुंचकर परिजनों का हालचाल जाना। जानकारी के अनुसार 22 मई को रूपेश राय की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। मृतक के पिता बाबूलाल राय की भी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और वो भी दिव्यांग हैं। बीते 20 मई से बाबूलाल राय के पुत्र रूपेश राय का तबियत अचानक खराब हुआ। जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीण को हुई जिसके बाद उसके मदद के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया गया और उससे कुछ राशि भी जमा हुआ लेकिन अचानक 22 मई को रूपेश की हालत नाजुक हो गई। जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। बाबूलाल मरांडी ने घर पहुंच कर सहयोग किया और उसके पिता के इलाज के लिए रिम्स लाने को कहा, जहां उसका इलाज कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता मनोज यादव, सुनील शर्मा, प्रमुख राजकुमार यादव, राजू विश्वकर्मा, योगेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश साव, मनोहर राय, बालेश्वर राय, बूंदों राय सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आज से प्रारंभ हो जाएगा सेमेस्टर -1 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन

**बरही ।** शैक्षणिक सत्र 2025-29 के सेमेस्टर -1 में नामांकन के लिए आज गुरुवार से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएंगे. आवेदन विश्व विद्यालय के चांसलर पोर्टल पर हीं ऑनलाइन समर्पित किया जाना है. इसकी अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित की गई है. मेरिट लिस्ट प्रकाशन की संभावित तिथि 25 जून निर्धारित की गई है. उक्त जानकारी रामनारायण यादव मेमोरियल के प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने दी. उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र ऑनलाइन करते समय पूर्ण सावधानियां बरतनी है. किसी भी प्रकार के गलती होने पर बिना शुल्क वापसी के साथ आवेदन रद हो जायेगा. उन्होंने यह भी बताया कि नामांकन में मुख्य विषय को ही आधार मानना है अन्य विषय नामांकन के समय चयनित किए जायेंगे. नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट 12वीं के परीक्षा के अंक पर निर्भर करेगा. नामांकन शुल्क 300 रुपए हैं.

## खजाड़ी बेचकर पिता ने पढ़ाया, बेटी ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम



**तिसरी।** मंगलवार को मैट्रिक का परिणाम आते ही परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिलाफ उठे. बेहतरीन परिणाम को लेकर अभ्यार्थियों में काफ़ी उत्साह दिखा. बात करें तिसरी प्रखंड की तो अग्रवाला उच्च विद्यालय तिसरी की रिया कुमारी पिता नरेश कुमार खजाड़ी (मूरही) बेचकर अपने बेटी को वहां तक पहुंचाया। इस कामयाबी पर उन्होंने कहा कि 475 अंक यानि 95% अंक लाकर प्रखंड में पहला व जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है.वहीं खुशबू खातून ने 471 अंक लाकर दूसरा व आरती कुमारी ने 467 अंक लाकर प्रखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया है. इसके अलावा पायल कुमारी, गुड़िया कुमारी, सिमरन कुमारी, मनीषा कुमारी, सानिया खातून,प्रतिमा कुमारी, सिमन बेशरा, अंकुश कुमार ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है. प्रखंड टॉप करने वाले 10 में से 9 परीक्षार्थी लड़कियां है.प्रखंड टॉप करने वाली रिया कुमारी के पिता ने बताया कि उन्होंने खजाडी बेचकर अपनी पुत्री को पढ़ाया है. रिया ने बगैर कोचिंग के ही प्रखंड टॉप व जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है.

## ग्रामीणों के विरोध के बाद स्थल निरीक्षण के लिए जिला की टीम पहुंची करियातपुर



**बरही ।** ग्रामीणों के विरोध के बाद जिला की टीम बरही एसडीओ जोहन टुडु व सीओ अमित किस्कू के साथ करियातपुर पहुंचकर जिला परिषद से बन रहे मार्केट निर्माण स्थल का जायजा लिया. टीम ने जिप उपाध्यक्ष किसून यादव की उपस्थिति में स्थानीय मुखिया मनोज कुमार सहित ग्रामीणों से बात किया. ग्रामीणों की समस्याओं को जाना और निर्माण कार्य होने देने की बात कही. परंतु ग्रामीण अपनी मांग पर डटे रहे और निर्माण कार्य का विरोध किया. ग्रामीणों का आरोप था कि जिस स्थल पर जिप मद से मार्केट निर्माण किया जाना है, उससे ग्रामीणों को लाभ की अपेक्षा नुकसान ज्यादा होने वाला है. प्रस्तावित निर्माण स्थल गांव के अंदर है. उक्त स्थल का उपयोग गांव के सार्वजनिक और सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यों के आयोजन मे किया जाता है. मार्केट बनाना है तो सड़क किनारे बनाया जाए ताकि ग्रामीणों को लाभ मिल सके. ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस क्षेत्र के लगभग 5 एकड़ जमीन अतिक्रमित है. इसलिए पहले पूरा जमीन अतिक्रमण मुक्त कराया जाए. फिर मार्केट निर्माण करवाया जाए. पर ऐसा नही किया जाना अनुचित है, जिसका वे सभी विरोध करते हैं. अंततोगत्वा टीम ने ग्रामीणों को बैठक कर दो दिन का समय देते हुए स्थिति स्पष्ट करने की बात कह वापस चली गई. इस दौरान भीम आर्मी एकता मिशन के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव अंबेदकर सहित कई लोग मौजूद थे. विदित हो कि जिला परिषद मद से 2.40 करोड़ रुपए की लागत से 67 दुकान बनने है.

## महीने के हर मंगलवार शिक्षा विभाग बच्चों समेत अभिभावक को करेगा जागरूक

**खूंटी।** बेहद कम उम्र और बिन ब्याही मां बनने की खबर के बाद जिला प्रशासन गंभीर है. जिला प्रशासन बैठक कर जन जागरूकता सहित अन्य विषयों को लेकर लगातार रणनीति बनाने में जुटा है. सीडब्ल्यूसी से लेकर जिले का हर वो विभाग, जो नाबालिगों को जागरूक करने का दावा करता है सभी एक प्लेटफार्म पर नजर आ रहे हैं. शिक्षा विभाग स्कूलों में महीने के हर मंगलवार बच्चों सहित गार्जियन को जागरूक करने की तैयारी में जुटा है. जबकि सीडब्ल्यूसी ऐसे एनजीओ को चिन्हित कर रहा है, जो बच्चों को जागरूक करने का दावा करती है. वैसे एनजीओ पर कार्रवाई करने को लेकर सीडब्ल्यूसी ने तैयारी की है. बिन ब्याही माता पिता वाली खबर के बाद, खूंटी जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ लगातार संबंधित विभागों और एनजीओ के साथ बैठक कर रणनीति बनाने में जुटा है. बाल संरक्षण समिति तथा जिला शिक्षा विभाग संयुक्त प्रयास से गांव गांव और पंचायतों में जन जागरूकता अभियान चलाएगी. गांवों में जागरूकता अभियान के माध्यम से ही कम उम्र में माता पिता बनने की सोच से आमजनों को ऊपर उठाया जा सकता है.

## थर्मल पावर प्लांट के एक्सटेंशन से बढ़ी डीवीसी की मुश्किलें

# हक के लिए आगे आया विस्थापित संघर्ष मोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

थर्मल पावर प्लांट के 1600 मेगावाट एक्सटेंशन के लिए निर्माण कार्य शुरू हो गया है. वहीं थर्मल पावर प्लांट को लेकर बीजेपी के ही दो विधायक अमित यादव और मनोज यादव के समर्थक आपस में वर्चस्व को लेकर लड़ रहे हैं तो वहीं विस्थापित और प्रभावित परिवारों ने अलग मोर्चा खोल दिया है, जिसमें कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के 32 विस्थापित गांव के ग्रामीण शामिल हैं. प्लांट के फोरलेन चौक पर रविशंकर यादव की अगुवाई में 32 गांव के विस्थापित जुटे और प्लांट के एक्सटेंशन में विस्थापित और प्रभावित परिवारों को उचित स्थान देने की मांग की. रविशंकर यादव के मुताबिक विस्थापित और प्रभावितों को उनका हक और अधिकार मिले, इसके लिए आंदोलन की रणनीति इस बैठक में तैयार की है. विस्थापित नेता रवि शंकर यादव ने कहा 1000 मेगावाट की क्षमता वाले, इस प्लांट के निर्माण काल से यहां के विस्थापित परिवार ठगी के शिकार हो रहे हैं और विस्थापितों का यह हाल, यहां के स्थानीय विधायक के कारण हुआ है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा विधायक अमित कुमार यादव, इस क्षेत्र के विधायक नहीं है, बल्कि 'प्लांट के ठेकेदार' हैं. वहीं दूसरी तरफ अन्य विस्थापितों ने कहा कि अब प्लांट प्रबंधन डीवीसी के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी और विस्थापितों को उनका हक अधिकार दिलाने के लिए जो कुछ भी करना पड़ेगा, वो करेंगे. गौरतलब है कि कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में 1600 मेगावाट एक्सटेंशन के साथ ही राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है और प्लांट में निर्माण कार्य को लेकर वर्चस्व की लड़ाई देखी जा रही हैं.


**झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची**
**(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)**

कॉर्पोरेट पहचान सं० –U51228JH2010SGC014519,
TIN No - 20520108277 E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com
उत्पाद भवन, भूतल,नवीन पुलिस केद्र के समीप, काँके रोड़,राँची–834008
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

पत्रांकः–1295 राँची, दिनांकः–26/05/2025

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना संख्या–JSBCL/17, जिसका– Advt. P.R. No.- 313346 द्वारा निकाली गई इच्छा की अभिव्यक्ति को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
महाप्रबंधक (संचालन)
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, झारखण्ड, राँची

PR 353724 Excise(25-26)#D


### फाइलेरिया रोगियों की पहचान को लेकर नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का आयोजन

**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के तत्वावधान में मंगलवार के रात में सेंटीनल साइट ग्राम बरकट्ठाडीह के साव टोला में फाइलेरिया रोगियों की पहचान को लेकर नाईट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में ब्लड सर्वे टेस्ट किया गया। बरकट्ठा उत्तरी पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी एवं पूर्व मुखिया बसंत साव ने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया। नाईट ब्लड सर्वे में तीन सौ ग्रामीणों का ब्लड सैंपल लिया गया। कार्यक्रम में बसंत साव ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि फलेरिया एक बीमारी है। फलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है।

## 10 वर्ष पहले ढह गया मिट्टी का घर, पड़ोसी के झोपड़ी में परिवार के साथ जीवन यापन कर रहा दिव्यांग



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आमजनों के लिए विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है, ताकि जरूरतमंद इसका लाभ लेकर सामान्य जीवन जी सकें। चाहे वह आवास योजना हो, पेंशन योजना हो या फिर राशन या चिकित्सा संबंधी योजना हो। कागज पर ऐसे कई योजनाएं हैं जिनका लाभ लोगों को मिलना चाहिए, मगर इन महत्वकांक्षी योजनाओं में बिचौलियागिरी इस कदर हावी है कि योजना का लाभ असल लाभुक से हटकर कोई और ले रहा है।वहीं जिन्हें सरकार के इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए वे मजबूरी में मुफलिसी की जिंदगी गुजारने को विवश हैं। अब गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड स्थित मनसाडीह निवासी राजू राय को ही देख लीजिए। राजू को दिखाई नहीं पड़ता है ये दिव्यांग हैं। 10 वर्ष पहले इनका मिट्टी का मकान ढह गया। इसके बाद वे पड़ोसी के झोपड़ी में रहने को विवश हैं। आज तक ना इन्हें पेंशन योजना का लाभ मिला है और ना ही आवास योजना का। गिरिडीह जिला तो छोड़ दीजिए केवल तिसरी प्रखंड में ही जांच की जाए तो पता चलेगा कि कई अयोग्य लोग हैं जो बिचौलिया की मदद से विभिन्न योजनाओं का लाभ मजे से ले रहे हैं। मगर जो राजू राय जैसे लोग इन योजनाओं के वाजिब हकदार हैं वे सभी योजनाओं से आज भी वंचित हैं। सुनिए दिव्यांग राजू राय और उसकी पत्नी की पीड़ा। हालांकि अब तिसरी प्रखंड प्रशासन के संज्ञान में यह मामला आया है और जल्द राजू राय को योजनाओं का लाभ दिलाए जाने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। बुधवार को मुखिया बसंती मरांडी, लखीराम हेमब्रम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल दिव्यांग राजू राय के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे।


**पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची**

**–: आवश्यक सूचना :–**


दिनांक–**30.05.2025** को 16वाँ वित्त आयोग की बैठक का आयोजन होटल रेडिसन ब्लू, राँची में निर्धारित है। जिसमें 16वाँ वित्त आयोग भारत सरकार, के माननीय अध्यक्ष, सदस्य एवं अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त के मद्देनजर राँची शहर के यातायात व्यवस्थाओं में बदलाव किया जाता है।

- दिनांक–30.05.2025 को **सुबह 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक** कोई भी बड़ी मालवाहक वाहन का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- दिनांक 28.05.2025 को **शाम 4:00 बजे से रात्रि 07:00 बजे तक** छोटी मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- दिनांक 30.05.2025 को **सुबह 09:00 बजे दोपहर 12:00 बजे तक एवं भाम 04:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक** बिरसा चौक से सुजाता चौक तक ऑटो का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- दिनांक 30.05.2025 को **बिग बाजार चौक, राँची से कडरू ब्रिज के बीच** (उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहनों को छोड़कर) सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- दिनांक–30.05.2025 को कार्यक्रम स्थल पर वाहनों की पार्किंगः–

| क्र0सं0 | वी0वी0आई0पी0/वी0आई0पी0 के वाहन | पार्किंग स्थल |
|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी वरीय पदाधिकारियों के वाहन | रेडिसन ब्लू के अपर बेसमेंट पार्किंग |
| 2 | Chamber of Commerce/Urban Bodies/Political Parties के प्रतिनिधि के वाहन | Nexa के बगल स्थित पार्किंग |
| 3 | जिला स्तर के सभी पदाधिकारी के वाहन | फिरायालाल के मैदान स्थित पार्किंग |

- आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए **Divert** और **Stop** किया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।




PR.NO.353725 Police(25-26):D


# गिरिडीह के ज्वेलरी शॉप में चोरी नकदी समेत गहने ले उड़े चोर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान में चोरी होने से हड़कंप मच गया. मंगलवार रात चोरों ने दुकान का ताला काटकर 6 हजार रुपये नकदी समेत ढाई लाख रुपए से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. गिरिडीह बगोदर क्षेत्र के जमुना नगर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है. चोरी की घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. जानकारी के मुताबिक चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 6 हजार नकदी के अलावा ढाई लाख रुपए से अधिक के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया. दुकानदार जब सुबह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान के अंदर रखे सामान गायब हैं. पीड़ित सुधीर प्रसाद सोनी ने बताया कि बक्से में ज्वेलरी और अन्य सामान रखा हुआ था, जिसका ताला तोड़कर चोरी की गई है. सामान चोरी करने के बाद आरोपियों ने बक्से को खेत में फेंककर फरार हो गए.

### चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा

वहीं, मौके पर पहुंचे मुखिया संतोष प्रसाद ने कहा कि अटका में लगातार चोरी की घटना हो रही है. 15 दिन पहले भी सोलर प्लेट सिस्टम की चोरी हुई थी. उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटना की रोकथाम की मांग की. पंचायत समिति सदस्य टेक नारायण साव ने भी पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि अटका में तेजी से बढ़ रहे चोरी के मामलों पर रोक लगाई जाए.

## अहिल्यापुर पुलिस ने विशेष जांच अभियान में जब्त किया 50 कार्टून विदेशी शराब

**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र में बिते मंगलवार मध्यरात्रि को गिरिडीह पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मिली सूचना के आधार पर मंगलवार मध्यरात्रि को गांडेय - ताराटांड़ मुख्य मार्ग पर अहिल्यापुर थाना के पास करीब एक बजे एक विशेष जांच अभियान चलाया गया। जिसमें अवैध शराब से भरी एक पिकअप वैन वाहन को जब्त किया गया। पिक अप वाहन संख्या बी आर 01 जीएच 4126 में कुल 50 कार्टन विदेशी शराब "रॉयल स्टैग" (ROYAL STAG) लदी हुई थी। जिसे अहिल्यापुर रास्ते से बिहार ले जाया जा रहा था। प्रत्येक कार्टन में 24 बोतलें (375 मि.ली.) थीं यानी कुल 1200 बोतलें। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख बताई जा रही है। पुलिस के द्वारा पुछताछ व कागजात मांगने पर संतोष जनक जबाव नहीं मिलने पर चालक,सह चालक समेत दुध वैन में लोड अवैध अंग्रेजी शराब को जब्त कर अहिल्यापुर थाना परिसर लाया गया। जिसमें गिरफ्तार चालक बिहार राज्य के बरौनी थाना अंतर्गत बथौली गांव के निवासी लगभग 28 वर्षीय बीरबल तांती व बिहार राज्य के बेगुसराय जिला अंतर्गत गाछीटोला गांव के निवासी लगभग 24 वर्षीय सरवन पासवान को गिरफ्तार अभियुक्तों पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने कहा कि गुप्त सुचना के आधार पर टीम गठित करते हुए वाहन अभियान चलाकर अहिल्यापुर थाना गेट के सामने एक पिक अप दुध वैन में लोड पच्चास पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ चालक व उपचालक को गिरफ्तार किया गया है।

